22. विराम-चिह्न

अपने भावों को पूर्ण रूप से व्यक्त करने के लिए लिखते समय रुकने या ठहरने के भाव को प्रकट करने के लिए भाषा में कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं। विराम-चिह्नों के ज्ञान के अभाव में अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विराम-चिह्नों से परिचित कराएँ।
- ❖ प्रत्येक विराम-चिह्न के प्रयोग पर बल दें। पृष्ठ 111-112 पर दिए विराम-चिह्नों के भेदों एवं उदाहरणों को पढ़वाएँ तथा समझाएँ।
- ❖ विराम-चिह्नों की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर बिना विराम-चिह्नों के वाक्य लिखें तथा छात्रों से उनमें सही चिह्न लगवाएँ।
- ❖ मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ बच्चों द्वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें। यदि गलती हो तो उन्हें समझाकर सही करवाएँ।